दिन–शुक्रवार दिनांक– 03/10/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के तहत आज पच्चीस लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खाते में दस–दस हज़ार रुपये की राशि अंतरित की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से कुल दो हजार पांच सौ करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य स्वरोज़गार और छोटे व्यवसाय चलाने में रुचि रखने वाली महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि बिहार की सबसे बड़ी स्वयं सहायता समूह पहल, जीविका, के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सदस्यों की संख्या एक करोड़ चालीस लाख को पार कर गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में जीविका दीदियों की संख्या तीन लाख पचासी हज़ार हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छब्बीस सितम्बर को इस योजना का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया था। उस अवसर पर पचहत्तर लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में दस–दस हजार रुपये हस्तांतरित किए गए थे।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम कल दो दिवसीय दौरे पर पटना आयेगी। आयोग की टीम चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श होगा। साथ ही चुनाव आयोग की टीम प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा भी करेगी। इधर, आज निर्वाचन आयोग नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों के साथ एक बैठक कर रहा है। बैठक में चुनाव तैयारियों को लेकर समीक्षा की जा रही है।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित अपने आवास पर पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर रहे

हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में पार्टी के संभावित उम्मीदवार भी शामिल हैं। बैठक में चुनावी रणनीति, प्रत्याशी चयन और क्षेत्रवार समीकरणों पर चर्चा होने की संभावना है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात ने आज अपने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। मन की बात का पहला एपिसोड तीन अक्टूबर दो हजार चौदह को विजयादशमी के अवसर पर प्रसारित किया गया था। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्यक्रम के एक सौ छब्बीसवें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया है। मन की बात ने न केवल नीतियों को जनांदोलनों में बदला है, बल्कि यह भी दिखाया है कि कैसे एक नेता की आवाज़ देश के हर हिस्से तक पहुँच सकती है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने वस्त्र उद्योग के लिए उत्पादकता–आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस दिसम्बर तक बढ़ा दी है। वस्त्र मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय से संभावित निवेशकों को योजना में भाग लेने और लाभ उठाने का एक और अवसर मिलेगा। इच्छुक आवेदक मंत्रालय के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में पिछले दो दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास और गयाजी जिले में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, सीवान, सारण और गोपालगंज जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————————

पूर्णिया जिले के कसबा रेलवे गुमटी के पास वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। वहीं, दो युवकों को गंभीर स्थिति में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, जिले के बायसी थाना क्षेत्र के बैरिया सरबजिया दुर्गा मंदिर पंडाल के पास एक चार पहिया वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।